# प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 12.10.2025

**थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली**

**□थाना सैयदराजा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध असलहा 315 बोर बरामद, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 Tvs मोटरसाइकिल बरामद कर किया गया गिरफ्तार।**

**चन्दौली-** पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अनन्त चन्द्रशेखर, अपर पुलिस अधीक्षक सदर (IPS) व क्षेत्राधिकारी सदर देवेन्द्र कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 12.10.2025 को उ0नि0 संन्तोष कुमार मय हमराह के साथ जेठमल तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति TVS अपाची वाहन से चन्दौली की तरफ से सैयदराजा की ओर मुड रहा था कि पुलिस टीम को देख कर NH-2 हाइवे की ओर मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर उक्त व्यक्तियो को पकड़ लिया गया पकडे गए व्यक्ति की पहचान महेन्द्र कुमार पुत्र स्व० बलिराम निवासी धमहापुर (हरदत्तपुर) थाना रोहनिया जनपद वाराणसी के रुप में हुई। भागने का कारण पूछने पर बताया कि मेरे लोवर कि ग्रे कलर की है उसके ऊपरी हिस्से मे देशी तमन्चा व उसके बाए जेब मे 02 अदद जिन्दा कारतूस है जिसे मैं बिहार ले जा रहा था कि पुलिस टडीम को देखकर हाइवे की तरफ मुडकर भागने का प्रयास किया किन्तु पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। महेन्द्र कुमार उपरोक्त के कब्जें से 01 अवैध असलहा 315 बोर बरामद, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक Tvs अपाची मोटरसाइकिल(बिना नम्बर) किया गया बरामद। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 313/25 धारा आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

महेन्द्र कुमार पुत्र स्व० बलिराम निवासी धमहापुर (हरदत्तपुर) थाना रोहनिया जनपद वाराणसी

**बरामदगी का विवरण-**

1.01 अवैध असलहा 315 बोर बरामद, 02 जिन्दा कारतूस

2.01 Tvs अपाची मोटरसाइकिल(बिना नम्बर)

**बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

2.उ0नि0 संतोष कुमार थाना सैयदराजा चन्दौली।

3.का. रतन कुमार सैयदराजा चन्दौली

4.का. गौरव राय थाना सैयदाराजा चन्दौली